BACKGROUNDERS
Press Information Bureau
Government of India

स्वतंत्रता से
स्वावलंबन तक

# सामर्थ्य से शक्ति तक: भारत के भविष्य को आकार दे रहे युवा

15 अगस्त 2025

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का **15** अगस्त, **2025** को स्वतंत्रता दिवस समारोह पर उद्बोधन:

- आज **15** अगस्त के ही दिन मेरे देश के युवाओं के लिए एक लाख करोड़ रुपए की योजना हम चालू कर रहे हैं, लागू कर रहे हैं।
- आज से प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना आज ही **15** अगस्त को लागू हो रही है, ये आपके लिए बहुत खुशखबरी है।
- इस योजना के तहत निजी क्षेत्र में पहले नौकरी पाने वाले नौजवान को बेटे बेटी को **15,000** रुपया सरकार की तरफ से दिए जाएंगे।
- प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना करीब करीब साढ़े तीन करोड़ नौजवानों को रोजगार के नए अवसर बनाएगी।
- खेल को बढ़ावा देने के लिए हमने नेशनल स्पोर्ट्स पॉलिसी, कई दशकों के बाद हम देश में खेलो भारत नीति को लेकर के आए हैं, ताकि ये खेल जगत का सर्वांगीण विकास का प्रयास हो।

## परिचय

भारत के पास दुनिया के किसी भी अन्य देश से बेहतर जनसांख्यिकी क्षमता है, जिसकी लगभग 65 प्रतिशत जनसंख्या 35[1] वर्ष से कम आयु की है। यह जीवंत और गतिशील पीढ़ी 2047 तक विकसित भारत बनने की

[1] https://www.pib.gov.in/FactsheetDetails.aspx?Id=149107

राष्ट्र की कल्पना का केन्द्रबिंदु है, जो नवाचार, उद्यमिता, सामुदायिक लचीलापन और शासन में नेतृत्व को बढ़ावा देती है। भारत के युवा समावेशी विकास और राष्ट्रीय विकास की रीढ़ हैं।

इस पीढ़ी को सशक्त बनाना आत्मनिर्भर भारत की यात्रा का अभिन्न अंग है - एक ऐसा आत्मनिर्भर भारत जो अपने ही लोगों के बल पर निर्मित हो। युवा नागरिकों की रचनात्मकता, कौशल और दृढ़ संकल्प बाहरी संसाधनों पर निर्भरता कम करने, स्वदेशी समाधानों को बढ़ावा देने और स्थायी आर्थिक विकास को आकार देने के लिए आवश्यक हैं। शिक्षा, कौशल, नवाचार और नेतृत्व में निवेश करके, भारत अपने युवाओं को आत्मविश्वासी समस्या-समाधानकर्ता और वैश्विक नेता बनने में सक्षम बना रहा है, जो स्थानीय चुनौतियों को प्रगति के अवसरों में बदलने में सक्षम हों। ऐसा करके, राष्ट्र न केवल अपनी युवा आबादी को भविष्य के लिए तैयार कर रहा है, बल्कि एक लचीली, आत्मनिर्भर और समृद्ध वैश्विक शक्ति के रूप में अपनी स्थिति भी सुनिश्चित कर रहा है।

# युवकों के लिए योजना




युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय युवाओं को राष्ट्रीय विकास में सार्थक योगदान देने हेतु आवश्यक कौशल, अवसर और मंच प्रदान करने हेतु अनेक लक्षित योजनाएँ लागू करता है। ये कार्यक्रम नेतृत्व और सामुदायिक सेवा से लेकर कौशल विकास, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और शैक्षणिक प्रशिक्षण तक, युवा सशक्तिकरण के विविध पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करते हैं। लाभार्थियों में देश भर के छात्र, ग्रामीण और शहरी युवा, किशोर, स्वयंसेवक और हाशिए पर पड़े समूह शामिल हैं।

## आर्थिक सशक्तिकरण

- स्टार्टअप इंडिया – 1.6 लाख से ज़्यादा स्टार्टअप्स को मान्यता देकर, 17.6 लाख रोज़गार सृजित करके यह नवाचार-आधारित उद्यमों को बढ़ावा देने के लिए वित्तपोषण, इनक्यूबेशन, मेंटरशिप और नियामक सुविधाएँ प्रदान करता है।
- प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) – सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए बिना किसी ज़मानत के ₹20 लाख तक के ऋण प्रदान करती है। 2015 से अब तक, ₹33.65 लाख करोड़ से अधिक ऋण स्वीकृत किए जा चुके हैं, जिनमें से 40 प्रतिशत से अधिक लाभार्थी महिलाएँ हैं। अकेले 2023-24 में, 6.67 करोड़ ऋण स्वीकृत किए गए।

## शिक्षा

- राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 - प्रारंभिक बाल्यावस्था से लेकर उच्च एवं व्यावसायिक स्तर तक शिक्षा की पहुँच, गुणवत्ता और रोज़गारपरकता में सुधार हेतु व्यापक सुधार। 2030 तक प्रीस्कूल से माध्यमिक स्तर तक 100 प्रतिशत और 2035 तक उच्च शिक्षा में 50 प्रतिशत जीईआर का लक्ष्य।
- पीएम श्री (उभरते भारत के लिए पीएम स्कूल) - 14,500 स्कूलों को एनईपी-मॉडल संस्थानों के रूप में आधुनिक बनाने हेतु केन्द्र प्रायोजित योजना, जो समग्र शिक्षा, व्यावसायिक अनुभव और डिजिटल शिक्षण उपकरणों को प्रदर्शित करेगी, जिससे लाखों छात्रों को लाभ होगा।

## कौशल विकास और रोजगार

- कौशल भारत मिशन - युवा भारतीयों को विनिर्माण, निर्माण, सेवाओं और उभरते उद्योगों में बाज़ार के लिए महत्वपूर्ण कौशल से समर्थ बनाने वाली राष्ट्रीय पहल।
- प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) - 2015 से अल्पकालिक प्रशिक्षण और पूर्व शिक्षण कार्यक्रमों की मान्यता के माध्यम से 1.63 करोड़ से अधिक युवाओं को प्रशिक्षित किया गया।
- सेक्टर स्किल काउंसिल (एसएससी) - 36 उद्योग-प्रधान निकाय यह सुनिश्चित करते हैं कि कौशल प्रशिक्षण बाज़ार की ज़रूरतों के अनुरूप हो, और शासन में 600 से अधिक कॉर्पोरेट प्रतिनिधि कार्यरत हों।
- रोज़गार मेला - रोज़गार को बढ़ावा देने के लिए 2022 में शुरू किया गया; 15 राष्ट्रीय स्तर के आयोजनों के माध्यम से सरकारी नौकरियों के लिए लगभग 10 लाख नियुक्ति पत्र जारी किए गए।

## खेल और नेतृत्व विकास

- खेलो इंडिया - 1,000 से ज़्यादा खेलो इंडिया केन्द्रों और 3,000 से ज़्यादा एथलीटों को वार्षिक छात्रवृत्ति, प्रशिक्षण और बुनियादी ढाँचा सहायता प्रदान करके ज़मीनी स्तर की खेल संस्कृति को पुनर्जीवित करता है।
- टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टीओपीएस) - 300 से ज़्यादा शीर्ष एथलीटों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की कोचिंग, उपकरण, प्रतियोगिता अनुभव और खेल विज्ञान सहायता प्रदान करता है, जिससे ओलंपिक, पैरालंपिक और एशियाई खेलों में भारत की सफलता में योगदान मिलता है।
- मेरा युवा भारत (माय भारत) – इसकी शुरूआत 2023 में एक राष्ट्रव्यापी फ़िजिटल और डिजीटल प्लेटफ़ॉर्म के रूप में की गई, जो स्वयंसेवी, अनुभवात्मक शिक्षा और नेतृत्व के अवसरों के माध्यम से युवाओं को जोड़ने, संगठित करने और सशक्त बनाने के लिए है। 1.5 करोड़ से ज़्यादा युवा पंजीकृत हो चुके हैं और सड़क सुरक्षा, मतदाता जागरूकता और पर्यावरणीय स्थिरता जैसे राष्ट्रीय अभियानों में शामिल हो रहे हैं।
- राष्ट्रीय युवा सशक्तिकरण कार्यक्रम (आरवाईएसके) - विभाग की प्रमुख अम्ब्रेला योजना (2016 के बाद पुनर्गठन) जो स्वयंसेवी, नेतृत्व, एकीकरण, साहसिक कार्य और किशोर विकास को बढ़ावा देने के लिए पहले की युवा पहलों को मिलाती है

- नेहरू युवा केन्द्र संगठन (एनवाईकेएस) - सामुदायिक विकास और जागरूकता के लिए युवा क्लबों में 8.65 मिलियन सदस्यों के माध्यम से ग्रामीण युवाओं को संगठित करता है। *प्रभाव:* 601 जिला-स्तरीय युवा उत्सव (1.29 लाख युवा), मेरी माटी मेरा देश के अंतर्गत 2.3 करोड़ पौधे, 22,996 मिशन लाइफ गतिविधियों में 7.88 लाख युवा।
- राष्ट्रीय युवा कोर (एनवाईसी) - सामुदायिक परियोजनाओं, सड़क सुरक्षा, मतदाता जागरूकता और स्थानीय अभियानों में अनुशासित स्वयंसेवकों को तैनात करता है, जिससे लाखों नागरिकों को लाभ मिलता है
- राष्ट्रीय युवा नेता कार्यक्रम (एनवाईएलपी) - नीति संवाद, नागरिक जागरूकता और पंचायती राज भागीदारी के माध्यम से जमीनी स्तर पर नेतृत्व को प्रोत्साहित करता है
- युवा एवं किशोर विकास के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम (एनपीवाईएडी) - नेतृत्व प्रशिक्षण, एकीकरण शिविर, युवा उत्सव, साहसिक गतिविधियाँ, किशोर जीवन कौशल और युवा-संबंधी अनुसंधान के लिए धन मुहैया कराता है।

- राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) – 1969 में शुरू हुई, अब 700 से ज़्यादा विश्वविद्यालयों, 751 उच्चतर माध्यमिक परिषदों/निदेशालयों, 20,254 महाविद्यालयों/तकनीकी संस्थानों और 11,767 विद्यालयों में 39,87,781 स्वयंसेवकों के साथ सक्रिय है। *प्रभाव:* 34,195 गाँवों/मलिन बस्तियों को गोद लेना, साक्षरता अभियान, स्वास्थ्य जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण, रक्तदान, आपदा राहत और सरकारी प्रमुख कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी। 19,140 स्वयंसेवकों के माध्यम से 99,239 बच्चों को पोलियो प्रतिरक्षण के लिए प्रेरित किया गया।
- राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान (आरजीएनआईवाईडी) - युवा विकास हेतु शैक्षणिक कार्यक्रम, अनुसंधान और प्रशिक्षण प्रदान करने वाला शीर्ष वैधानिक निकाय। *प्रभाव:* 374 स्नातकों (4 पीएचडी सहित) को उपाधियाँ प्रदान की गईं, एनएएसी बी+ मान्यता प्राप्त हुई, और क्षमता निर्माण आयोग द्वारा संस्थागत मूल्यांकन प्राप्त हुआ।

## राष्ट्र की सेवा

- अग्निपथ योजना - चार साल की सैन्य सेवा के लिए 17.5-21 वर्ष की आयु के युवाओं को अग्निवीर के रूप में भर्ती करने के लिए 2022 में शुरू की गई। 46,000 युवाओं के पहले बैच ने 2023 में प्रशिक्षण पूरा किया, अनुशासन, नेतृत्व और तकनीकी कौशल प्राप्त किए, साथ ही सेवा निधि पैकेज और सेवा-पश्चात रोज़गार में प्राथमिकता भी प्राप्त की।

पिछले 11 वर्षों में युवाओं के लिए की गई पहलों के पैमाने और विविधता ने एक ऐसा परिवर्तन किया है जो ज़मीनी स्तर पर दिखाई दे रहा है—अधिक कुशल पेशेवर कार्यबल में प्रवेश कर रहे हैं, अधिक उद्यमी स्थायी व्यवसाय बना रहे हैं, अधिक एथलीट वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं, और अधिक युवा नेता समुदायों को

आकार दे रहे हैं। ये परिणाम अलग-थलग उपलब्धियाँ नहीं हैं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत की ओर कदम बढ़ाने के प्रारंभिक प्रयास हैं, जहाँ भारत का विकास अपनी प्रतिभा और नवाचार से संचालित होता है। आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देकर, समस्या-समाधान को प्रोत्साहित करके और राष्ट्र-निर्माण में भागीदारी को सक्षम बनाकर, सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि अमृत पीढी की ऊर्जा स्थायी राष्ट्रीय शक्ति में परिणत हो। जैसे-जैसे यह पीढ़ी विश्व मंच पर अपनी जगह बना रही है, वह अपने साथ भारत को वैश्विक क्षेत्र में एक अग्रणी आवाज़ बनाने का आत्मविश्वास, क्षमता और दृढ़ विश्वास लेकर आ रही है।

संदर्भ :


1. https://www.pib.gov.in/PressNoteDetails.aspx?NoteId=154537&ModuleId=3
2. https://static.pib.gov.in/WriteReadData/specificdocs/documents/2025/jun/doc202565564501.pdf
3. https://www.pib.gov.in/Pressreleaseshare.aspx?PRID=2092084
4. https://yas.nic.in/sites/default/files/Booklet%20Policy_Schemes_and_Programes_English.pdf
5. https://www.pib.gov.in/FactsheetDetails.aspx?Id=149107
6. https://yas.gov.in/sites/default/files/Report%20RYSK%202020%20IIPA.pdf
7. https://yas.nic.in/sites/default/files/Final%20Annual%20Report%202023-24%20as%20on10.03.2025.pdf


**********

पीके/केसी/केपी